University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या GA - 8798
दिनांक 12|05|26

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ (जनपद–लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई)
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः–जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत स्टाफ, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्वगणना हेतु प्रेरित के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया संलग्न उपर्युक्त विषयक प्रो0 अश्विनी कुमार मिश्र, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ के पत्रांक क्षे0का0ल0/508–12/2026–27, दिनांक 28.04.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके साथ संलग्न कार्यालय जिलाधिकारी, लखनऊ के पत्र दिनांक 27.04.2026 द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत दिनांक 07.05.2026 के पूर्व जनपद–लखनऊ के समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों के स्टाफ, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्वगणना हेतु प्रेरित किये जाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय परिसर एवं सहयुक्त लखनऊ जनपद के समस्त संस्थानों में नोडल अधिकारी नामित कराकर उनका स्वगणना के सम्बन्ध मे ससमय प्रशिक्षण कराने हेतु अपेक्षा की गयी। प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण है, अतः आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

अतः क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ द्वारा किये गये अनुरोध पर मा0 कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में आपसे अनुरोध है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत स्वगणना पोर्टल दिनांक 07.05.2026 से 21.05.2026 तक खोले जाने से पूर्व स्टाफ, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्वगणना हेतु प्रेरित किये जाने के उद्देश्य से अपने–अपने महाविद्यालयों में नोडल अधिकारी नामित करने का कष्ट करें तथा उक्त प्रश्नगत प्रकरण में विश्वविद्यालय से नामित नोडल अधिकारी डॉ0 रमेश कुमार त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

भवदीया,
Bmishra
(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संलग्नक : यथोपरि।

संख्या–.......................... दिनांक–..........................

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. डॉ0 रमेश कुमार त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाज कार्य विभाग को पत्र संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत स्वगणना पोर्टल दिनांक 07.05.2026 से 21.05.2026 के मध्य खोले जाने से पूर्व स्टाफ, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को स्वगणना हेतु प्रेरित करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से कार्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ के पत्रांक क्षे0का0ल0/508–12/2026–27, दिनांक 28.04.2026 के क्रम में सूचनार्थ।
4. इंचार्ज, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड करने तथा समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव